फरवरी, 2024 के दौरान मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण कार्यकलाप शुरू किए गए :

1. आयुर्वेद कार्यकलापों के माध्यम से किशोरियों की पोषण स्थिति में सुधार के लिए आयुष मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन

मंत्रालय ने 26 फरवरी 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में आयुर्वेद कार्यकलापों के माध्यम से किशोरियों की पोषण स्थिति में सुधार करने के लिए आयुष मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। केंद्रीय आयुष मंत्री और माननीया महिला एवं बाल विकास मंत्री की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

दोनों मंत्रालयों ने रक्ताल्पता (एनीमिया) के मामले की संभावना वाले जिलों (जहां रक्ताल्पता) का औसत प्रसार लगभग 69.5% है) में लगभग 95,000 किशोरियों की पोषण स्थिति में सुधार करने के उद्देश्य से इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना में पांच जिलों के लगभग 10,000 आंगनवाड़ी केंद्रों को शामिल किया जाएगा।

यह मिशन उत्कर्ष के तहत पांच जिलों में आयुर्वेद कार्यकलापों के माध्यम से "किशोरियों में रक्ताल्पता (एनीमिया) को नियंत्रित करने के" लिए एक संयुक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल है।

2. पोषण उत्सव का आयोजन: पोषण की अच्छी आदतों को बढ़ावा देने के लिए 'पोषण उत्सव' का आयोजन

मंत्रालय ने 29 फरवरी, 2024 को द ओबेरॉय, नई दिल्ली में पोषण उत्सव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अच्छे पोषण व्यवहार को बढ़ावा देना और पोषण की अच्छी पद्धतियों को बढ़ावा देते हुए कुपोषण से निपटने के लिए भारत में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डालना था।

इस कार्यक्रम में माननीया महिला एवं बाल विकास मंत्री और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) के सह-अध्यक्ष श्री बिल गेट्स उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में 'पोषण उत्सव पुस्तक' का विमोचन किया गया और कार्टून कोलिशन शुरू करने की घोषणा की गई। इस पुस्तक में प्राचीन पोषण परंपराओं को पुनर्जीवित करने, जानकारी के आदान-प्रदान और पीढ़ी दर पीढ़ी शिक्षा की सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया गया है। यह देश की पाकशाला संबंधी समृद्ध विरासत और पोषण विविधता के व्यापक भंडार के रूप में भी कार्य करती है। कार्टून कोलिशन की परिकल्पना महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से पोषण के लिए सहायता और योगदान देने के लिए की गई है।

3. अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में मंत्रालय की भागीदारी

3.1 मंत्रालय के एक प्रतिनिधिमंडल ने 6-7 फरवरी, 2024 को बैंकॉक, थाईलैंड में महिलाओं की स्थिति पर आयोगसीएसडब्ल्यू) के 68 वें सत्र में आयोजित एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय परामर्श में भाग लिया।

3.2 मंत्रालय के एक प्रतिनिधिमंडल ने 5-14 फरवरी, 2024 को न्यूयॉर्क, यूएसए में आयोजित सामाजिक विकास आयोग के 62वें सत्र में भी भाग लिया।

4. पीएम जनमन

पीएम जनमन के तहत पीवीटीजी बस्तियों के लिए वित्त वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में कुल 2500 आंगनवाड़ी केंद्रों को मंजूरी दिए जाने और निर्माण किए जाने का प्रस्ताव है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 916 आंगनवाड़ी केंद्रों को मंजूरी दी गई है।

5. अधिकार प्राप्त कार्यक्रम समिति की बैठकें

फरवरी, 2024 के दौरान वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 की वार्षिक कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (एपीआईपी) की बैठकें राज्यों के साथ आयोजित की गईं।